प्रथम सावधिक परीक्षा, 2022-23

(30)

वर्ग - नवम

हिन्दी (मातृभाषा)

समय - 3 घंटे 15 मिनट] [पूर्णांक - 100

परीक्षार्थियों के लिए निर्देश–

(क) परीक्षार्थी यथासम्भव अपने शब्दों में ही उत्तर दें।

(ख) दाहिनी ओर हाशिये पर दिए हुए अंक पूर्णांक निर्दिष्ट करते हैं।

(ग) यह प्रश्न-पत्र दो खण्डों में है– खण्ड 'अ' एवं खण्ड 'ब'।

खण्ड 'अ' (वस्तुनिष्ठ प्रश्न)

निर्देश–प्रश्न-संख्या 01 से 60 तक वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं। इनमें किन्हीं 50 के उत्तर दें। इनके उत्तर देने हेतु OMR में दिए गए सही वृत्त को काले/नीले बॉल पेन से भरें। 50×1=50

1. शिवपूजन सहाय के बचपन का नाम क्या था?
   (A) गरीबनाथ (B) शिवनाथ (C) भोलानाथ (D) विश्वनाथ
2. 'देहाती दुनिया' उपन्यास है–
   (A) सामाजिक (B) शहरी (C) देहाती (D) सांस्कृतिक
3. डॉ० राजेन्द्र प्रसाद के पिता का नाम था–
   (A) महादेव सहाय (B) राम किशोर (C) राजदेव प्रसाद (D) राधा रमण
4. 'मुंडमाल' कहानी किसकी रचना है?
   (A) तुलसीदास (B) प्रेमचन्द (C) शिवपूजन सहाय (D) रामवृक्ष बेनीपुरी
5. भगजोगनी के पहले पति की उम्र कितनी थी?
   (A) बारह-चौदह (B) सतरह-अठारह (C) बीस-इक्कीस (D) इकतालीस-बयालीस
6. 'बुढ़ापे की लकड़ी' का अर्थ है–
   (A) अन्त समय में ज्ञान होना (B) मरने से पहले लकड़ी जमा करना
   (C) लकड़ी के समान सूख जाना (D) असमर्थता अवस्था का सहारा होना
7. मुंशीजी का अन्तिम संस्कार किसने किया?
   (A) रिक्सावाला (B) सब्जीवाला (C) ग्रामीण (D) भगजोगनी
8. 'घोड़ा' शब्द का पर्यायवाची रूप है–
   (A) घड़ा (B) घोटक (C) विहग (D) मधुप
9. 'कहानी का प्लॉट' की विधा है–
   (A) निबंध (B) फीचर (C) व्यंग्य (D) कहानी
10. 'उपन्यास' में उपसर्ग है–
    (A) अप (B) आप (C) उप (D) उपत
11. नालंदा किस राज्य में है?
    (A) बिहार (B) पंजाब (C) हरियाणा (D) कर्नाटक
12. चीनी यात्री फाह्यान नालंदा कब आए थे?
    (A) चौथी सदी में (B) नौवीं सदी में (C) छठी सदी में (D) दूसरी सदी में
13. सम्राट हर्षवर्द्धन के समय नालंदा आने वाले यात्री थे–
    (A) फाह्यान (B) युवानच्वांग (C) ह्वेनसांग (D) इत्सिंग
14. 'विहार' शब्द का अर्थ है–
    (A) नगर (B) तीर्थ स्थल (C) योगी मठ (D) बौद्ध मठ
15. 'उन्नति' का सही संधि-विच्छेद है–
    (A) उत् + नति (B) अनु + नति (C) उन् + अति (D) उत् + अति
16. महावीर कौन थे?
    (A) बौद्ध तीर्थंकर (B) जैन तीर्थंकर (C) शल्य चिकित्सक (D) ज्योतिषी

17. 'प्रसून' का अर्थ है– (A) फल (B) फूल (C) जल (D) नभ
18. 'हीरा-मोती' में समास है–
(A) अव्ययीभाव (B) द्वन्द्व (C) तत्पुरुष (D) द्विगु
19. शिवपूजन सहाय का जन्म कहाँ हुआ था?
(A) सीतामढ़ी में (B) सारण में (C) सहरसा में (D) पटना में
20. 'त' का उच्चारण-स्थान क्या है?
(A) दाँत (B) मूर्द्धा (C) तालु (D) कण्ठ
21. 'वर्णरत्नाकर' के लेखक कौन थे?
(A) शिवपूजन सहाय (B) दिनकर (C) ज्योतिरीश्वर ठाकुर (D) डॉ० राजेन्द्र प्रसाद
22. 'ग्राम-गीत का मर्म' शीर्षक पाठ के लेखक कौन हैं?
(A) शिवपूजन सहाय (B) अमृतलाल नागर (C) लक्ष्मी नारायण सुधांशु (D) राजेन्द्र प्रसाद
23. वह लोक प्रचलित कथा जिसका कोई तथ्यपूर्ण पुस्तकीय आधार न हो, के लिए एक शब्द है– (A) दन्त कथा (B) प्राच्य कथा (C) ज्ञान कथा (D) व्यवहार कथा
24. ग्राम-गीत की प्रकृति होती है–
(A) ओज (B) पौरुष (C) स्त्रैण (D) दारूण
25. 'काव्य में अभिव्यंजनावाद' के लेखक का नाम क्या है?
(A) रामधारी सिंह 'दिनकर' (B) प्रेमचन्द
(C) लक्ष्मी नारायण सुधांशु (D) डॉ० राजेन्द्र प्रसाद
26. 'उल्लास' का सही संधि-विच्छेद है–
(A) उत् + लास (B) उल् + लास (C) उल् + आस (D) उत + लास
27. 'ग्राम-गीत' किसकी वाणी है?
(A) हृदय की (B) मस्तिष्क की (C) नेत्र की (D) कान की
28. रैदास का जन्म कब हुआ था?
(A) 1526 ई० में (B) 1388 ई० में (C) 1857 ई० में (D) 1764 ई० में
29. 'चकोर' क्या होता है? (A) पशु (B) पुष्प (C) पक्षी (D) भंवरा
30. 'आस्तिक' शब्द का विपरीतार्थक रूप क्या होता है?
(A) आध्यात्मिक (B) अवनति (C) नास्तिक (D) अधम
31. 'मधुमालती' किसकी रचना है?
(A) कबीर (B) तुलसी (C) रविदास (D) मंझन
32. गुरु गोविन्द सिंह का जन्म कहाँ हुआ था?
(A) पटना में (B) वैशाली में (C) अमृतसर में (D) चंडीगढ़ में
33. 'चंडी चरित्र' किसकी रचना है?
(A) गुरुगोविन्द सिंह (B) गुरु नानक (C) नागार्जुन (D) प्रेमचन्द
34. 'साफी' का क्या अर्थ है?
(A) शुद्ध करनेवाला (B) नर्तक (C) चाकर (D) गायक
35. गुरु गोविन्द सिंह किस मुगल शासक के समकालीन थे?
(A) अकबर (B) औरंगजेब (C) शाहजहाँ (D) जहाँगीर
36. नलिन विलोचन शर्मा किस स्वर पर नवीनता के आग्रही थे?
(A) कथ्य (B) शिल्प (C) भाषा (D) इनमें सभी
37. 'रूखसत' का अर्थ है– (A) स्वागत (B) आगमन (C) विदाई (D) विसर्जन
38. 'नचारी' गीत किस क्षेत्र से जुड़ा है?
(A) मगध (B) भोजपुर (C) अंग (D) मिथिला
39. 'चैता' है– (A) संस्कार गीत (B) श्रम गीत (C) पर्व गीत (D) ऋतु गीत
40. 'पखावज' दूसरा नाम है–
(A) शहनाई का (B) मृदंग का (C) ढोलक का (D) तबला का
41. सिन्दुरदान के गीत में किस भाव की प्रधानता होती है?
(A) हास्य (B) करूण (C) ओज (D) माधुर्य

42. रैदास की भक्ति किस भाव की है?
(A) सख्य की (B) प्रेम की (C) दास की (D) माधुर्य की
43. छठ पर्व में किस देवता की पूजा होती है?
(A) गणेश (B) ब्रह्मा (C) सूर्य (D) शिव
44. होली गीत में किस भाव की प्रधानता होती है?
(A) पौरुष (B) स्त्रैण (C) ग्राम्य (D) नगरीय
45. बिहार के लोकगायन में किस बाजा की प्रधानता होती है?
(A) तबला (B) सितार (C) ढोलक (D) गिटार
46. शारदा सिन्हा कौन हैं?
(A) अभिनेत्री (B) नृत्यांगना (C) लोक गायिका (D) शास्त्रीय संगीत गायिका
47. 'ध्रुपद का ध्रुव' कहा जाता है–
(A) पंडित रामचतुर मलिक (B) मालिनी अवस्थी (C) बिरजू महाराज (D) राजेन्द्र किशोर
48. 'निस्सन्तान' में कौन-सी सन्धि है?
(A) स्वर (B) व्यंजन (C) विसर्ग (D) इनमें कोई नहीं
49. "वृक्ष से पत्ता गिरता है।" इस वाक्य में 'से' किस कारक की विभक्ति है?
(A) करण (B) सम्प्रदान (C) अपादन (D) संबंध
50. 'चौराहा' कौन-सा समास है?
(A) अव्ययीभाव (B) द्विगु (C) बहुब्रीहि (D) तत्पुरुष
51. बिहार में किस भाषा के बोलनेवाले अधिक हैं?
(A) भोजपुरी (B) मगही (C) मैथिली (D) अंगिका
52. 'धनगाँई' गाँव किस जिले में अवस्थित है?
(A) बक्सर (B) सारण (C) गया (D) रोहतास
53. आचार्य शीलभद्र किस शास्त्र के ज्ञाता थे?
(A) योग (B) दर्शन (C) धर्म (D) विधि
54. "बिजली की बत्ती भक-भक कर जलती है।" यह किसके संदर्भ में कहा गया है?
(A) मखनी फुआ (B) बिरजू की माँ (C) जंगी की पुतोहू (D) सुनरी
55. हिन्दी में 'रेणु' का वास्तविक उदय हुआ–
(A) परती परिकथा से (B) दीर्घतपा से (C) मैला आँचल से (D) ठुमरी से
56. 'चंपिया' की उम्र क्या थी?
(A) 5 साल (B) 10 साल (C) 8 साल (D) 12 साल
57. बिरजू के बप्पा को किस टोले में गाड़ी नहीं मिली?
(A) हरिजन टोला (B) मियाँ टोला (C) कोयरी टोला (D) मलदहिया टोला
58. 'ढिबरी' का अर्थ है– (A) किवाड़ (B) खिड़की (C) बैठका (D) दीया
59. 'सहुआइन' शब्द में प्रत्यय है– (A) न (B) आइन (C) इन (D) आई
60. 'अंगीठी' का अर्थ है– (A) अँगूठी (B) अँगड़ाई (C) आग (D) अँगना

खण्ड 'ब' (गैर-वस्तुनिष्ठ प्रश्न)

1. निम्नांकित गद्यांशों को ध्यानपूर्वक पढ़ें और नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दें।

(क) शिक्षा का लक्ष्य है संस्कार देना। मनुष्य के शारीरिक मानसिक तथा भावात्मक विकास में योगदान देना शिक्षा का मुख्य कार्य है। शिक्षित व्यक्ति अपने स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहता है। स्वच्छता को जीवन में महत्त्व देता है और उन सब बुराइयों से दूर रहता है जिनसे स्वास्थ्य की हानि पहुँचती है। रुग्न शरीर के कारण शिक्षा में बाधा पड़ती है। शिक्षा हमारे ज्ञान का विस्तार करती है। ज्ञान का प्रकाश जिन खिड़कियों से प्रवेश करता है उन्हीं से अज्ञान और रूढ़िवादिता का अंधकार निकल भागता है। शिक्षा के द्वारा मनुष्य अपने परिवेश को पहचानने और समझने में सक्षम होता है। विश्व में ज्ञान का जो भंडार है उसे शिक्षा के माध्यम से ही हम प्राप्त कर सकते हैं। सृष्टि के रहस्यों

P.T.O.

को खोलने की कुंजी शिक्षा ही है। अशिक्षित व्यक्ति रूढ़ियों, अंधविश्वासों एवं कुरीतियों का शिकार हो सकता है। शिक्षा हमारी भावनाओं का भी संस्कार करती है। साहित्य और कलाओं में हमारी संवेदनशीलता तीव्र होती है। शिक्षा हमारे दृष्टिकोण को उदार बनाती है।

(i) शिक्षा का क्या उद्देश्य है? 2
(ii) शिक्षा में बाधा किससे पड़ती है? 2
(iii) ज्ञान के भंडार की प्रप्ति कैसे हो सकती है? 2
(iv) शिक्षा के अभाव में व्यक्ति किसका शिकार हो सकता है? 2
(v) प्रस्तुत गद्यांश का एक उपयुक्त शीर्षक दें। 2

(ख) जातियाँ इस देश में अनेक आई हैं। लड़ती-झगड़ती भी रही हैं, फिर प्रेमपूर्वक बस भी गई हैं। सभ्यता की नाना सीढ़ियों पर खड़ी और नाना ओर मुख करके चलनेवाली इन जातियों के लिए एक सामान्य धर्म खोज निकालना कोई सामान्य बात नहीं थी। भारतवर्ष के ऋषियों ने अनेक प्रकार से इस समस्या को सुलझाने की कोशिश की थी। पर एक बात उन्होंने लक्ष्य की थी। समस्त वर्णों और समस्त जातियों का एक साधारण आदर्श भी है वह है अपने ही बंधनों से अपने को बांधना। मनुष्य पशु से किस बात में भिन्न है? आहार-निद्रा आदि पशु-सुलभ स्वभाव उसके ठीक वैसे ही हैं जैसे अन्य प्राणियों के, लेकिन वह फिर भी पशु से भिन्न है। उसमें संयम है, दूसरे के सुख-दुख के प्रति संवेदना है, श्रद्धा है, तप है, त्याग है। यह मनुष्य के स्वयं के उद्भावित बंधन है। इसीलिए मनुष्य झगड़े को अपना आदर्श नहीं मानता, गुस्से में आकार चढ़ दौड़ने वाले अविवेकी को बुरा समझता है और वचन, मन और शरीर से किए गए असत्याचरण को गलत आचरण मानता है। यह किसी खास जाति या वर्ण या समुदाय का धर्म नहीं है। वह मनुष्य मात्र का धर्म है।

(i) प्रस्तुत गद्यांश का एक उचित शीर्षक लिखिए। 2
(ii) मनुष्य में पशु से भिन्न क्या है? 2
(iii) मनुष्य किसे गलत आचरण मानता है? 2
(iv) पशु की मूल प्रवृति क्या है? 2
(v) मनुष्य मात्र का धर्म क्या है? 2

2. निम्नलिखित में **किसी एक** विषय पर लगभग 200 शब्दों में निबंध लिखिए– 10
(i) पुस्तकालय (ii) बाबा साहेब भीमराव अम्बेदकर
(iii) राष्ट्रीय एकता (iv) स्मार्ट क्लास की उपयोगिता

3. पर्यावरण-प्रदूषण को दूर करने के बारे में दो ग्रामीणों के बीच संवाद को लिखें। 5
अथवा, खेलों के लिए आवश्यक तैयारी और खेल का सामान उपलब्ध कराने के लिए प्रधानाचार्य को एक आवेदन-पत्र लिखिए।

4. निम्नलिखित में **किन्हीं पाँच** प्रश्नों के उत्तर अपने शब्दों में लिखें– 5×2=10
(i) दारोगाजी की तरक्की रुकने की क्या वजह थी?
(ii) इत्सिंग कौन था? उसने नालंदा के बारे में क्या बताया है?
(iii) नालंदा विश्वविद्यालय का जन्म कैसे हुआ?
(iv) नालंदा विश्वविद्यालय में किन पाँच विषयों की शिक्षा अनिवार्य थी?
(v) कला गीत और ग्राम गीत में क्या अन्तर है?
(vi) मानव जीवन में ग्राम-गीतों का क्या महत्त्व है?
(vii) बिरजू की माँ बैठी मन ही मन क्यों कुढ रही थी?
(viii) रैदास ईश्वर की कौन-सी भक्ति करते हैं?
(ix) प्रेम से व्यक्ति के जीवन पर क्या प्रभाव पड़ता है? मंझन पाठ के आधार पर उत्तर दें।
(x) गुरु गोविन्द सिंह मानवीय संवेदना के किस डोर में बाँधे रखने की बात कही है?

5. भाव स्पष्ट करें– "किस्मत की फटी चादर का कोई रफूगर नहीं है।" 5
अथवा "प्रेम हाट जहँ बिसि है पसरी जै बनिजों जे लोई।